# कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण, राजस्थान

राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, सी.ए.डी. सर्किल–कोटा

email : nnksouth@gmail.com, websites : www.urban,rajasthan.gov.in/nnks, Ph.: 0744-2502142


क्रमांक :– ननिको/दक्षिण/निर्माण/2025/448-462 दिनांक :– 10/07/2025

## ई–निविदा सूचना संख्या 25/2025–26

नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागों के "A", "AA" श्रेणी एवं नगर निगम कोटा (उत्तर/दक्षिण) में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई–निविदा पद्धति से निम्नानुसार ऑनलाईन निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। संवेदक निविदा प्रपत्र नगर निगम कोटा की वेबसाईट http://kotamcsouth.org.com, www.urban.rajasthan.gov.in/nnks, http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in, से प्राप्त कर सकेंगे।

- निविदा डाउनलोड करने की तिथि (वेबसाईट से) : 15.07.2025 से 25.07.2025 तक
- निविदा की धरोहर राशि, निविदा शुल्क व प्रोसेसिंग शुल्क व तकनिकी बिड के दस्तावेज ऑन–लाईन अपलोड करने की तिथि : 15.07.2025 से 25.07.2025 तक
- निविदा/तकनीकी बिड खोलने की तिथि : 28.07.2025 (प्रातः 11:00 बजे)
- वित्तीय बिड खोलने की तिथि : तकनिकी बिड परीक्षण के पश्चात्

| क्र. स. | कार्य का नाम | अनु.लागत (लाखों में) | धरोहर राशि | | निविदा शुल्क | प्रोसेसिंग शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 0.50% | 2.0% | | | |
| 1 | नगर निगम कोटा दक्षिण सीमा क्षेत्र में स्थित मालीपुरा, थेकड़ा श्मशान एवं अन्य श्मशान में आवश्यक मरम्मत/निर्माण व सौन्दर्यकरण का कार्य एवं अन्य विकास कार्य। | 127.63 | 63815/- | 255260/- | 7000/- | 2000/- | 06 माह |
| 2 | नगर निगम कोटा दक्षिण सीमा क्षेत्र में स्थित सुभाष नगर मुक्तिधाम एवं अन्य मुक्तिधाम में दिवार निर्माण, बाथरूम, स्नानघर एवं आवश्यक मरम्मत/निर्माण व सौन्दर्यकरण का कार्य एवं अन्य विकास कार्य। | 131.03 | 65515/- | 262060/- | 7000/- | 2000/- | 08 माह |
| 3 | नगर निगम कोटा दक्षिण सीमा क्षेत्र में स्थित सुभाष नगर मुक्तिधाम में एवं विभिन्न मुक्तिधाम में जी.आई. शीट रूफिंग का कार्य एवं अन्य सौन्दर्यकरण/विकास कार्य। | 148.92 | 74460/- | 297840/- | 7500/- | 2000/- | 08 माह |

### निविदा की शर्ते :–

1. आर.टी.पी.पी. एक्ट 2012 एवं आर टी पी पी 2013 के नियम एवं शर्ते निविदा में लागू होगें।
2. निविदाताओं को निविदा शुल्क /बोली प्रतिभूति एवं प्रोसेसिंग फीस आन लाईन नगर निगम कोटा दक्षिण की वेबसाईट http://kotamcsouth.org.com,ij SUBMISSION DATE AND TIME से पूर्व जमा करवाकर उससे प्राप्त होने वाली रसीद को स्केन करके http://eproc.rajasthan.gov.in, पर अपलोड करने पर ही निविदा को मान्य किया जावेगा। निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस (Non-Refundable) वापस नही की जावेगी। **निविदा शुल्क/धरोहर राशि/प्रोसेसिंग शुल्क के डी.डी. भी मान्य होंगे।**
3. निविदा प्रपत्र में दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रस्ताव उचित रूप में आन लाईन प्रस्तुत किए जाने हैं।
4. ई –बोली प्रपत्र दो भागों में है। प्रथम भाग तकनीकी बीड है तथा द्वितीय भाग वित्तीय बीड है। बोली दाता द्वारा तकनीकी बीड हेतु यह प्रपत्र मय संलग्न व वांछनीय दस्तावेज के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करते हुये मय सील e-proc पोर्टल पर अपलोड करनी है। वित्तीय बीड आनलाईन BoQ में ही प्रस्तुत की जानी है। इससे भिम्न रूप मे प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा। वित्तीय दर वाला बीड डाक्यूमेंट केवल उन्ही फर्मो का खोला जायेगा ,जिन्हें कमेटी द्वारा तकनीकी बीड डाक्यूमेंट में योग्य समझा जायेगा।
5. संवेदक को किसी किसी भी राजकीय संस्था विभाग, बोर्ड, कारपोरेशन अथवा उपक्रम में वर्तमान में ब्लैक लिस्टेड/डी बार अथवा डिफाल्टर घोषित नहीं किया जाना चाहिए इस संबंध में 100 रूपये के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पैपर पर नोटरी से प्रमाणित शपथ पत्र निविदा के साथ सलंग्न किया जाना आवश्यक हैं।
6. फर्म का नाम एवं पता मय टेलीफोन नम्बर फर्म की स्थिति एकाकी/पार्टनरशिप/प्रा लि/आदि का विवरण सलंग्न करना होगा, साथ ही फर्म का पैनकार्ड नं0 की छायाप्रति सलंग्न करनी होगी।
7. फर्म का जी एस टी विभाग द्वारा जारी जीएसटी सर्टिफिकेट मय नवीनतम जीएसटी रिर्टन प्रमाण पत्र की छाया प्रति सलंग्न करनी होगी।
8. संवेदक को निविदा में मांगे गये दस्तावेजों की पूर्ती कर लगाया जाना आवश्यक होगा। यदि मांगे गये दस्तावेजों की पूर्ती नहीं किये जाने पर उस फर्म को उस निविदा के लिये असफल माना जावेगा।
9. स्वीकृत निविदादाता को निविदा की शर्तो की पूर्ण पालना करनी होगी। शर्तो की अवहेलना गुणवत्तापूर्वक कार्य नहीं करने पर तथा विलम्ब पर नियमानुसार कार्यवाही कर नुकसान को वसूलने का नगर निगम कोटा दक्षिण को पूर्ण अधिकार होगा। ऐसे मामलों में फर्म के दोषी पाये जाने पर स्वीकृति निरस्त कर पुनःनिविदा आमंत्रित की जा सकेगी। नई फर्म को निविदा द्वारा कार्यादेश दिये जाने तक नगर निगम कोटा दक्षिण ठेकेदार की रिस्क व कोस्ट के आधार पर किसी अन्य निविदा में भाग लेने वाली फर्म से कार्य कराया जा सकेगा,जिसकी कटौती ठेकेदार से की जावेगी।
10. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार नगर निगम कोटा दक्षिण को होगा।
11. निविदादाता द्वारा दी जाने वाली दरें सभी कर सहित होगी।

12. फर्म के बिलो से नियमानुसार आयकर कटौती भुगतान करते समय की जायेगी।
13. कार्य की आवश्यकता को देखते हुए दूरभाव पर भी आदेश दिये जा सकेंगे जो ठेकेदार को मान्य होगें।
14. सिविल विवाद की स्थिति में स्थानीय न्यायालय कोटा का ही क्षेत्राधिकार होगा।
15. राज्य सरकार व नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा समय समय पर जारी आदेश निर्देश मान्य होगें।
16. संतोषजनक कार्य नहीं होने की स्थिति में अनुबंध को किसी भी समय निरस्त किया जा सकता है तथा प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जायेगी।
17. यदि किसी निविदा दाता द्वारा टेन्डर की राशि से कम दर भरी जाती है तो सफल निविदा दाता को निदेशालय आदेश क्रमांक प.6 (च) (431)(E-17052)स्वी/लेखा/डिएलबी/नागौर/2020/958 दिनांक 22.10.2024 अनुसार अन्तर राशि (Additional Performance Security) 14 दिवस में BG/FDR/NSC के रूप में नगर निगम कोटा दक्षिण में जमा कराए जाने पर कार्यादेश जारी किया जावेगा। कार्य सन्तोषप्रद पूर्ण होने के पश्चात् वापस लौटा दी जावेगी। आदेश संलग्न है।
18. निविदादाता दरों की वैधता अवधि खोले जाने की दिनांक से 90 दिवस तक अनुमोदन हेतु मान्य होगी। तदुपरान्त नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।
19. न्यूनतम मजदूरी एक्ट एवं श्रम कानूनों की पालना किया जाना अनिवार्य होगा।
20. EPF & ESI विभाग में पंजीकृत संवेदक रजिस्ट्रेशन की प्रति तकनिकी बिड के साथ अपलोड करना होगा तथा 100/-रू0 के स्टाम्प पर EPF & ESI से श्रमिको के भुगतान की ओडिट कराने एवं EPF & ESI के समस्त प्रकार के दायित्त्वों का निवर्हन एवं नियोजित श्रमिको का EPF & ESI विभाग में जमा कराने का उत्तरदायित्व स्वयं संवेदक का होगा तथा भविष्य में पी.एफ. और ई.एस.आई. विभाग के किसी प्रकार के दायित्व सृजित होते है, तो उसकी समस्त जिम्मेदारी संवेदक की होगी शपथ पत्र पर आलेखित कर तकनिकी बिड के साथ अपलोड करना होगा तथा कार्यालय द्वारा मांगे जाने पर मूल शपथ पत्र उपलब्ध कराना होगा।
21. तकनीकी प्रपत्र 24 घण्टे अपलोड होने के पश्चात् कोई आपत्ति प्राप्त होती है तो आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।
22. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।
23. संवेदक कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व एवं कार्य समाप्ति कार्य स्थल के फोटोग्राफ प्रस्तुत करने होगें एवं कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड स्वयं के खर्चे पर लगाना होगा। कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व संबंधित सहायक अभियन्ता/कनिष्ठ अभियन्ता सम्बन्धित वार्ड पार्षद/जन प्रतिनिधि को सूचित करेंगे एवं उनके सामने गुणवत्ता रिपोर्ट हेतु सेम्पल लिया जाना सुनिश्चित करेगें।
24. कार्य की दोष निवारण अवधि कार्य पूर्ण होने के उपरान्त एक वर्ष की होगी।
25. निविदादाता विफल रहा है के मूल्य की निम्नानुसार प्रतिशत के आधार पर वसूली की जावेगी।
    - विहित परिदान कालावधि की एक चौथाई कालावधि तक विलम्ब — 2.50 प्रतिशत
    - विहित कालावधि से एक चौथाई से अधिक किन्तु आधी से अनाधिक कालावधि तक विलम्ब — 5.00 प्रतिशत
    - विहित कालावधि के आधे से किन्तु तीन चौथाई तक की कालावधि का विलम्ब — 7.50 प्रतिशत
    - विहित कालावधि के तीन चौथाई से अधिक की कालावधि का विलम्ब — 10.00 प्रतिशत
    - निर्धारित नुकसान की अधिकतम रकम — 10.00 प्रतिशत
26. कार्य प्रारम्भ से पूर्व संवेदक द्वारा कार्य स्थल पर स्वयं के खर्चे पर आवश्यकतानुसार कार्य की सूचना के बोर्ड लगाने अनिवार्य होगें।

**नोटः— तकनीकी बिड खोलने की तिथी पर किसी भी कारण वश अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस पर प्राप्त व खोली जावेगी।**

अधिशाषी अभियन्ता
नगर निगम कोटा दक्षिण
दिनांक :- 10/07/2025

क्रमांक :- ननिको/दक्षिण/निर्माण/2025/448-462

प्रतिलिपि :— सूचनार्थ

1. महापौर महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
2. उपमहापौर महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
3. नेता प्रतिपक्ष महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
4. अध्यक्ष महोदय (निर्माण समिति) नगर निगम कोटा दक्षिण।
5. आयुक्त, महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
6. अतिरिक्त आयुक्त, महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
7. उपायुक्त (I, II, राजस्व) नगर निगम कोटा दक्षिण।
8. मुख्य लेखाधिकारी, नगर निगम कोटा दक्षिण।
9. अधीक्षण अभियन्ता, नगर निगम कोटा दक्षिण।
10. सम्बन्धित सहायक/कनिष्ठ अभियन्ता (निर्माण/उद्यान/विद्युत/नल/गैराज अनुभाग) नगर निगम कोटा दक्षिण को भेजकर लेख है कि उक्त दिनांक से पूर्व तखमीना तैयार करवाकर वेबसाईट पर अपलोड करावें।
11. अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, नगर निगम कोटा दक्षिण।
12. अध्यक्ष, पुस्तकालय, नगर निगम कोटा दक्षिण को भेजकर लेख है कि नगर निगम स्तर पर ही .................................................. नियमानुसार राज्य स्तरीय/जिला स्तरीय/क्षेत्रीय समाचार पत्र में संक्षिप्त स्थान पर प्रकाशन हेतु।
13. कम्प्यूटर प्रोग्रामर, ई- गर्वेनेन्स (आई. टी. सेल, एन.आई.सी. कमरा नं. 325) नगर निगम कोटा दक्षिण को भेजकर लेख है कि उक्त दिनांक से पूर्व टेण्डर नगर निगम कोटा दक्षिण की वेबसाईट पर अपलोड करावें।
14. निजी सहायक (महापौर, उप महापौर, नेता प्रतिपक्ष, अध्यक्ष (निर्माण समिति) अधीक्षण अभियन्ता, मुख्य लेखाधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता (I, II)/स्मार्टराज प्रोजेक्ट आईटी/आई.टी. सेल, एन.आई.सी. कमरा नं. 325/ओसवाल डाटा प्रोसेसिंग, नगर निगम कोटा दक्षिण।
15. सुरक्षित पत्रावली, नगर निगम कोटा दक्षिण।

अधिशाषी अभियन्ता
नगर निगम कोटा दक्षिण

# कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण, राजस्थान

राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, सी.ए.डी. सर्किल–कोटा

email : nnksouth@gmail.com, websites : www.urban,rajasthan.gov.in/nnks, Ph.: 0744-2502142


क्रमांक :– ननिको / दक्षिण / निर्माण / 2025 / 448-462 दिनांक :– 10/07/2025

**ई–निविदा सूचना संख्या : 25 / 2025–26**

नगर निगम कोटा (उत्तर / दक्षिण) द्वारा विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागों "A" एवं "AA" श्रेणी एवं नगर निगम कोटा (उत्तर / दक्षिण) में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निम्नांकित कार्यो हेतु कुल राशि 407.58 लाख रूपये की ऑन लाईन निविदायें दिनांक 15.07.2025 से दिनांक 25.07.2025 तक आमन्त्रित की जाती हैं। टेन्डर बेचे जाने, प्राप्त करने की तिथि व निविदा की शर्ते इत्यादि नगर निगम की वेबसाईट **www.urban.rajasthan.gov.in/nnks** **http://sppp.raj.nic.in**, **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | लागत (लाखो में) |
|---|---|---|
| 1 | नगर निगम कोटा दक्षिण सीमा क्षेत्र में स्थित मालीपुरा, थेकड़ा श्मशान एवं अन्य श्मशान में आवश्यक मरम्मत / निर्माण व सौन्दर्यकरण का कार्य एवं अन्य विकास कार्य। | 127.63 |
| 2 | नगर निगम कोटा दक्षिण सीमा क्षेत्र में स्थित सुभाष नगर मुक्तिधाम एवं अन्य मुक्तिधाम में दिवार निर्माण, बाथरूम, स्नानघर एवं आवश्यक मरम्मत / निर्माण व सौन्दर्यकरण का कार्य एवं अन्य विकास कार्य। | 131.03 |
| 3 | नगर निगम कोटा दक्षिण सीमा क्षेत्र में स्थित सुभाष नगर मुक्तिधाम में एवं विभिन्न मुक्तिधाम में जी. आई. शीट रूफिंग का कार्य एवं अन्य सौन्दर्यकरण / विकास कार्य। | 148.92 |

**NIB Code No.** DLB2526A3461 **UBN No.** DLB2526WSOB10834

**UBN No.** DLB2526WSOB10836 **UBN No.** DLB2526WSOB10838

अधिशाषी अभियन्ता
नगर निगम कोटा दक्षिण

क्रमांक :– ननिको / दक्षिण / निर्माण / 2025 / 448-462 दिनांक :– 10/07/2025

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ

1. महापौर महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
2. उपमहापौर महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
3. नेता प्रतिपक्ष महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
4. अध्यक्ष महोदय (निर्माण समिति) नगर निगम कोटा दक्षिण।
5. आयुक्त, महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
6. अतिरिक्त आयुक्त, महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
7. उपायुक्त (I, II, राजस्व) नगर निगम कोटा दक्षिण।
8. मुख्य लेखाधिकारी, नगर निगम कोटा दक्षिण।
9. अधीक्षण अभियन्ता, नगर निगम कोटा दक्षिण।
10. सम्बन्धित सहायक / कनिष्ठ अभियन्ता (निर्माण / उद्यान / विद्युत / नल / गैराज अनुभाग) नगर निगम कोटा दक्षिण को भेजकर लेख है कि उक्त दिनांक से पूर्व तखमीना तैयार करवाकर वेबसाईट पर अपलोड करावें।
11. अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, नगर निगम कोटा दक्षिण।
12. अध्यक्ष, पुस्तकालय, नगर निगम कोटा दक्षिण को भेजकर लेख है कि नगर निगम स्तर पर ही ........................ नियमानुसार राज्य स्तरीय / जिला स्तरीय / क्षेत्रीय समाचार पत्र में संक्षिप्त स्थान पर प्रकाशन हेतु।
13. कम्प्यूटर प्रोग्रामर, ई– गर्वेनेन्स (आई. टी. सेल एन.आई.सी. कमरा नं. 325) नगर निगम कोटा दक्षिण को भेजकर लेख है कि उक्त दिनांक से पूर्व टेण्डर नगर निगम कोटा दक्षिण की वेबसाईट पर अपलोड करावें।
14. निजी सहायक (महापौर, उप महापौर, नेता प्रतिपक्ष, अध्यक्ष (निर्माण समिति) अधीक्षण अभियन्ता, मुख्य लेखाधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता (I, II) / स्मार्टराज प्रोजेक्ट आईटी / आई.टी. सेल, एन.आई.सी. कमरा नं. 325 / ओसवाल डाटा प्रोसेसिंग, नगर निगम कोटा दक्षिण।
15. सुरक्षित पत्रावली, नगर निगम कोटा दक्षिण।

अधिशाषी अभियन्ता
नगर निगम कोटा दक्षिण